**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन जयपुर**

**राज्यपाल ने "है नमन उनको" कार्यक्रम में वीरांगनाओं को सम्मानित किया**

**माताएं पालने में ही अपने बच्चों को वीरता का पाठ पढ़ा देती है- राज्यपाल**

जयपुर 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान वीर वीरांगनाओं की भूमि है। यहां की माताएं पालने में ही अपने बच्चों को वीरता का पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए कहा गया हैए ष्पूत सिखावे पालणैए मरण बड़ाई जाण।"

राज्यपाल श्री बागडे शनिवार को एक होटल में "है नमन उनको" कार्यक्रम के अंतर्गत वीरांगना सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम मे पुरुषों के साथ महिलाओं ने साहस और वीरता की अद्भुत गाथाएं लिखी हैं। राष्ट्र उन तमाम माताओं के प्रति भी कृतज्ञ हैं जो अपने पुत्रों और पुत्रियों को सेना में भेजने में गौरव का अनुभव करती हैं।

उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं का सम्मान हमारे देश की गौरवयमी परम्परा का पवित्र अनुष्ठान है।उन्होंने कालीबाईएरानी पद्मिनीए कर्मावतीए राणी भटियाणीए जीजाबाईए हाड़ी राणी एपन्ना एदुर्गावतीए झाँसी की रानी आदि विरांगनाओं का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

......




PMCH
उनको
A TRIBUTE TO REAL HEROES
CO-POWERED BY
CESC
RAJASTHAN


PMCH
HEALTH ADVISORS
CO-PRESENTS

